मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 38, मुंबई, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू ★ बदाम बर्फी
काजू कतली ★ मलाई पेड़े
काजू रोल ★ रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# मुख्तार अंसारी की मौत

## तबीयत बिगड़ने के बाद जेल से अस्पताल में कराया था भर्ती



**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**उत्तर प्रदेश (बांदा)।** माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की बृहस्पतिवार को बांदा मेडिकल कॉलेज में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने के बाद अंसारी को जिला जेल से अस्पताल लाया गया था। बांदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुनील कौशल ने फोन पर बताया, मेडिकल कॉलेज में दिल का दौरा पड़ने से अंसारी की मौत हो गई।
(शेष पृष्ठ 3 पर)

## उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू

### पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत पर ज्यूडिशियल इंक्वायरी बैठाई गई है, तीन सदस्यीय टीम जांच करेगी

मुख्तार अंसारी के दादा डॉक्टर मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता सेनानी थे। मुख्तार अंसारी के नाना ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को 1947 की लड़ाई में शहादत के लिए महावीर चक्र दिया गया था। जबकि मुख्तार अंसारी के पिता सुबहानउल्लाह अंसारी गाजीपुर की राजनीति में सक्रिय रहे थे। उनकी बेहद साफ-सुथरी छवि रही है। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी रिश्ते में तो मुख्तार अंसारी के चाचा लगते हैं।

## रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा अठरावां (18) 29 मार्च 2024 शुक्रवार

खत्मे शहेरी : 5:12 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:55 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (11 से 20 रोजा) दुसरा असरा मगफीरत का होता है।

# मलाड इलाके में लगी भीषण आग



**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में गुरुवार दोपहर एक कमर्शियल बिल्डिंग में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि आग मलाड पूर्व में सेंट्रल प्लाजा कॉम्प्लेक्स में लगी। फायर ब्रिगेड आग बुझाने में जुटी हुई थी। किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग दिंडोशी के शिवाजी नगर स्थित सेंट्रल प्लाजा कॉम्प्लेक्स में वर्धमान गारमेंट शॉप में लगी।
(शेष पृष्ठ 3 पर)

# शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए गोविंदा

## मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से लड़ सकते है लोकसभा चुनाव



**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**मुंबई।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो गए है। गोविंदा ने मुंबई में सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना जॉइन की। वह सत्ताधारी महायुति गठबंधन से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ सके है।

### शिवसेना की पहली लिस्ट जारी

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शिवसेना (एकनाथ शिंदे) ने (28 मार्च) अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें महाराष्ट्र से आठ नामों का ऐलान किया गया है, जिसमें मुंबई से एक उम्मीदवार शामिल हैं। हालांकि पहली सूची में एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे से उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है। यहां तक की उनके बेटे सांसद श्रीकांत शिंदे का नाम भी नहीं है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने मुंबई दक्षिण-मध्य से राहुल शेवाले को अपना उम्मीदवार बनाया है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को बड़ी राहत

## 840 करोड़ के भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने दी क्लीन चिट



**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**मुंबई।** लोकसभा चुनाव से पहले एनसीपी (अजित पवार) के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल को बड़ी राहत मिली है। एयर इंडिया से जुड़े 840 करोड़ के कथित घोटाला मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पटेल को क्लीन चिट मिल गई है। भ्रष्टाचार के इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कर रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक, सीबीआई ने अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ 2017 में दर्ज भ्रष्टाचार का मामला बंद कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मई 2017 में सीबीआई ने एयर इंडिया के लिए विमान लीज पर लेने में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय और एयर इंडिया के अधिकारियों पर मामला दर्ज किया था।
(शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

### घर का सोना नीलाम



**छुड़ा** पाने में नाकामी के कारण बड़ी संख्या में लोगों का कर्ज के लिए गिरवी रखा गया सोना अगर नीलाम हो रहा हो, तो निश्चित रूप से उसे आम परिवारों की बढ़ती आर्थिक दुर्दशा का ही संकेत समझा जाएगा। अगर घर का सोना बतौर थाती रखकर ऋण लेने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है, तो यह निश्चित रूप से देश की अवस्था की एक झलक है। छुड़ा पाने में नाकामी के कारण बड़ी संख्या में लोगों का सोना नीलाम हो रहा हो, तब तो निश्चित रूप से उसे आम परिवारों की बढ़ती आर्थिक दुर्दशा का संकेत समझा जाएगा। देश में मुथूट, मल्लपुरम और आईआईएफएल तीन सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां हैं, जो गोल्ड लोन (यानी सोना गिरवी रखवा कर कर्ज) देती हैं। इनमें से मुथूट ने पिछले दिसंबर में 381 करोड़ रुपये का गिरवी रखा गया सोना नीलाम किया। इसके पहले सितंबर में उसने 236 करोड़ और जून 2023 में 110 करोड़ रुपये का सोना उसने नीलाम किया था। इस कंपनी ने 2020-21 में 385 करोड़ रुपये का गिरवी सोना नीलाम किया था, जबकि 2021-22 ममें उसने 7,440 करोड़ रुपये का सोना नीलाम किया। इस बारे में ठोस आंकड़े हैं कि कोरोना काल में देश में आई बदहाली ने सोना गिरवी रखने के मामले बढ़े हैं। 2020 में 67,935 करोड़ रुपये का सोना गिरवी था, जो सितंबर 2023 तक 2,39,668 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका था। ये कारोबार इतना फैला है कि इस क्षेत्र में सक्रिय कंपनियां नियमों का कथित उल्लंघन कर मुनाफा कमाने लगी हैं। हालात यहां तक पहुंचे हैं कि गोल्ड लोन का कारोबार करने वाली कंपनियों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक को कदम उठाने पड़े हैं। इसी महीने इस क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी आईआईएफएल के नया गोल्ड लोन देने पर रोक लगा दी। उधर वित्त मंत्रालय ने गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों से कहा है कि वे अपने गोल्ड फोर्टफोलियो की गहराई से समीक्षा करें। शिकायत है कि बड़ी संख्या में ऋण वितरण करने की होड़ में इन कंपनियों ने सोने की शुद्धता और वजन की बिना ठीक से जांच किए कर्ज वितरित किए हैं। चूंकि वे बिना प्रामाणिक प्रक्रियाओं का अनुपालन किए गिरवी सोने की नीलामी कर रही हैं, इसलिए वे जोखिम का ख्याल नहीं करतीं। जाहिरा तौर ये सूरत देश की बहुत बड़ी आबादी की बदहाली का संकेत है, जिसका फायदा कुछ कंपनियां उठा रही हैं।

## रमजान विशेष प्रस्तुति श्रृंखला 15

# अजान का उद्देश्य क्या है अजान क्या है और किस लिए

**नमाज** सर्वशक्तिमान अल्लाह (ईश्वर) के सामने मनुष्य की दासता और मानव की पारस्परिक समानता की प्रतीक है। नमाज मे सभी लोग कुरान की आयते पढ़ते और दुआएं मांगते हैं नमाज की अंतिम में सारी मानव जाति और अपने देश के लिए कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की जाती है। नमाज ईश्वर से मनुष्य का संबंध जोड़ती है और अदृश्य ईश्वर के प्रति उसकी आस्था को दृढ़ बनाती है। उससे डरने और प्रेम करने की भावना जागती है। उसके आज्ञा पालन के लिए तैयार करती है। नमाज ईश्वर के सामने अपने संपूर्ण इंद्रियों समेत समर्पण का भाव उत्पन्न करती है। नमाज जमात(समूह) के साथ पढ़ना अनिवार्य है। समूह से नमाज पढ़ने से मानव समानता उत्पन्न होती है और ज्यादा पुण्य प्राप्त होता है।

नमाज समाज में अनुशासन पैदा करने संगठित रहने और ईश्वर के आदेश को मिलजुल कर पालन करने की शिक्षा देती है। यह आध्यात्मिक विकास का साधन तो है इसके अतिरिक्त सामाजिक राजनीतिक आर्थिक पहलू भी है और नमाज से स्वास्थ को भी लाभ होता है। प्रत्येक नमाज से पहले लोगों को अजान के द्वारा मस्जिद में जमा होने के लिए पुकारा जाता है। इसके संबंध में भारत में एक भ्रांतियां पाई जाती है कि मौलवी जो बांग देता है क्या खुदा बहरा है कि उसको सुनाता हैं। वास्तव में अजान खुदा को सुनाने के लिए नहीं बल्कि खुदा के बंदों को बुलाने के लिए दी जाती है। नमाज का शाब्दिक अर्थ है बुलावा जिसको अंग्रेजी में इनविटेशन उर्दू में दावत हिंदी में आमंत्रण कहा जाता है। आपको किसी को बुलाना हो तो आप क्या करेंगे किसी व्यक्ति का नाम लेकर पुकारेंगे या बाजा या डीजे बजाएंगे। अजान बुलाने के सभी उपाय में एक अनुपम उपाय है। इसमें व्यक्ति को ईश्वर की महिमा और मानव कल्याण का हवाला देकर ईश्वर की सामूहिक भक्ति की ओर बुलाया जाता है। अजान का पहला हिस्सा समस्त मानव जाति को ईश्वर का संदेश है



दूसरा हिस्सा मुसलमान को नमाज के लिए बुलावा है। कुछ लोगों कहना है नमाज के लिए बार-बार पांच अजान देने की क्या जरूरत है वर्तमान में आजकल हर आदमी के पास घड़ी और मोबाइल है जिससे समय का पता लगाया जा सकता है तो ऐसे लोगों के लिए जवाब है कि आज हर व्यक्ति के पास पूरी दुनिया में मोबाइल है जिसमें घड़ी भी है और किसी एक पास घड़ी है तो किसी के पास मोबाइल है पर पूरी दुनिया में रेलवे स्टेशनों में और एयरपोर्ट पर हर ट्रेन और फ्लाइट के आने जाने का अनाउंसमेंट किया जाता है क्यों लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए कि आपकी ट्रेन या फ्लाइट का टाइम हो गया है पूरी दुनिया में दो अरब मुसलमान है इसी तरह अजान देकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाता है कि ईमान वाले मस्जिद की तरफ आए खुदा की बंदगी का वक्त हो चुका है इसलिए यह बात लोगों को समझना चाहिए ऐसी बात हो तो फिर पूरे दुनिया से रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट से अनाउंसमेंट बंद कर दिया जाना चाहिए। अल्लाह से दुआ है कि लोगों को सही बात समझने सुनने और मानने की तौफीक (सौभाग्य) प्रदान करें पूरी दुनिया में 24 घंटा 57 मुस्लिम कंट्री के साथ साथ दुनिया कि सारी कंट्री में अजान होती रहती है यह अजान दुनिया की उत्पत्ति के समय से दुनिया के पहले मानव हजरत आदम अलैहिस्सलाम के समय से होती आ रही है और इंशा अल्लाह कयामत तक होती रहेगी। हर समझदार आदमी और निष्पक्ष आदमी जिसे स्वार्थ की कोई राजनीति नहीं करनी वह हर धर्म के संस्कार का आदर और सम्मान करता है। अगले आर्टिकल में अजान में क्या बोला जाता है इसका हिंदी अनुवाद पाठकों की सेवा में प्रस्तुत किया जाएगा।

आप सभी भाइयों और बहनों से मेरी दिली गुजारिश है कि आप सब मिलकर दुआ करें कि मुझे दीन ईमान इस्लाम का इल्म देने वाली मेरी रहमत मेरी जन्नत और बहुत ही मोहब्बत से और बड़ी चाहत से मेरी परवरिश करने वाली मेरी मां रब कि मेहरबानी मेरी मां हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और मेरे अब्बू जनाब बाबू खान साहब के लिए अल्लाह से दुआ करे कि इन दोनों को रमजान की रहमत मगफिरत और जहन्नम से आजादी का फरमान उन्हें भी अता करें और आलमे बरजख मे इल्लीन मे उन्हें आला मुकाम अता फरमाए अपनी रहमत अपनी मगफिरत अता फरमाए और उन्हें कब्र अजाब से और जहन्नम की आग से मैदाने महशर और पुलसिरात की तकलीफों से उनकी हिफाजत फरमाकर उन्हें अपना अमन और अपनी सलामती अता फरमाए और बदले के दिन उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और हम सब पर अपना खास करम फरमाए और हम सब की गलतियों और खताओं को माफ फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन।

**प्रस्तुति एवं संकलन**
**- साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

# 'खुद के लिए जिना कोई कमाल नही बल्कि दूसरो के लिए जिना ही असल जिंदगी है'



**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** रिजवान खान जो मोहल्ला फैजुल्लाखां का रहने वाला है उस की तबीयत बहुत खराब वह इस वक्त अस्पताल में एडमिट है। दो दिनों से मैं खुद तमाम व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज कर के लोगों से गुजारिश कर रहा था कि इस बच्चे को 4 यूनिट ओ डपॉजिटिव ब्लड की जरूरत है लेकिन अफसोस की अभी तक कोई आकर ब्लड देने को तैयार नहीं हुआ तो आज मैं खुद इफ्तार के अपना ब्लड रिजवान के लिए देकर आया हूं और उम्मीद करता हूं कि लोग ब्लड देने के लिए आगे आए ताकि किसी की जान बचाई जा सके खुद के लिए जीना कोई कमाल नहीं बल्कि दूसरों के लिए जीना ही असल जिंदगी है ब्लड देने से कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि आपको खुशी होगी कि किसी की जिंदगी बचाने के लिए आरजू भाई हिंद मानव सेवा संस्था का भी शुक्रिया कि वह भी अभी एक डोनर लेकर आये है रिजवान को ब्लड दिलवा रहे हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# माजी मंत्री बाबा सिद्दीकी ने रोजा इफ्तार पार्टी में एकता और भाईचारा की मिसाल पेश की

## फिल्म एक्टर सलमान खान की खास रही एंट्री

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर साल कि तरहा इस साल भी महाराष्ट्र राज्य के माजी मंत्री सन्माननिय बाबा सिद्दीकी जी एंव उनके बेटे विधायक झीशान बाबा सिद्दीकी की शाही रोजा इफ्तार पार्टी में रविवार तारिख 24 मार्च को मुंबई की प्रसिध्दी हॉटेल ताज लँड में १३ वा रोजा के मौके पर रोजदारो के लिए शानदार रोजा इफतारपार्टी और डिनर का आयोजन किया गया था। जिसमें सैकडो रोजेदार के अलावा मुंबई के कई नामचिन फिल्मी हस्तिया, राजनेता, उधोगपति, और कई आमदार, खासदार पदाधिकारी, वगैरे शामिल थे. समाज में सामंजस्य, एकता, भाईचारा कायम रहे, अमनचैन बना रहे सभी खुशहाल जीवन जीए, इस प्रकार के इफ्तार पार्टी से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है ऐसा माजी मंत्री बाबा सिद्दीकी साहब ने एक मुलाकात में पत्रकार जफर सिद्दीकी से कहा इस उद्देश्य



से हर साल की तरहा इस साल भी माजी मंत्री बाबा सिद्दीकी जी ने रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था जिसमें सभी समाज के लोग फिल्मी दुनिया के नामचीन हस्तियां राजनेता उद्योगपति और विविध संघटनो के पदाधिकारी यो ने दावते रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत की थी .रोजा इफ्तार से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन और चैन के लिए दुआएं मांगी नमाज के बाद सभी भाइयों ने खाने का स्वाद लिया इस रोजा इफ्तार पार्टी में प्रमुख उपस्थिति में विधायक अमीन पटेल, फिल्मी नामचीन एक्टर सालमान खान और सलमान खान के पिता सलीमखान, साजिद खान, इमरान हाशमी, हिना खान, जरीनखान, मुफ्ती अनस, मुनव्वर फारुकी, एमसी स्टैंड, सुनील शेट्टी, प्रीति जिंटा, नदीम कुरैशी, अर्पिता, आयुष, अलविरा खान, अतुल अग्निहोत्री, नरगिस, जेनेलिया डिसूजा, पूजा हेडगे, अब्बास मस्तान, हिना खान, रश्मि देसाई, मोहसिन अख्तर मीर, चंकी पांडे, भारती सिंग, शिव ठाकरे, कपिल शर्मा कई दिग्गज एक्टर इफ़्तार पार्टी में हुए शामिल। भाभा हाउस्पिटल के आरोग्य दक्षता कमिटी सदस्य शोएब फरीदखान, माजी मंत्री बाबा सिद्दीकी के पी ए प्रकाश भाई, विधायक जीशान सिद्दीकी के, खाजगी पिए आजम रिजवी, मुंबई ऑल इंडिया वर्कर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पत्रकार जफर सिद्दीकी, डि.एफ.एस. बिल्डर फजल सौदागर,समाजसेवक गुलफाम खान,उसमानखान उर्फ लाला भाई, नईम शेख, सुप्रिया पाठक, फिरोज शेख, आबिद शेख, साबिर शेख, दानियाल, नईम शेख, अब्दुल कदीर साहब, युसूफ माडी, जाकिर शेख, शबाना शेख शेलटकर, एडवोकेट सुप्रिया पाठक, शम्स खान जीतू सिंह ठाकुर, बाहर भाई, जुबेर शेख, नीलोफर काजी, सदफ शेख, बदरु जमा, अब्दुल गफ्फार और कई समाज सेवक कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यकताओं ने दावत ए रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत की थी।



## सत्कार समारोह का किया गया आयोजन

**मुंबई।** मनपा ई वार्ड के सहायक आयुक्त अजयकुमार हरिहर यादव 31 मार्च 2024 को रिटायर हो रहे हैं। इस अवसर पर 28 मार्च 2024 को मनपा ई वार्ड कार्यालय के पहले महले पर कॉन्फ्रेंस हॉल में सत्कार समारोह का आयोजन किया गया था। जहां गुनाह टाइम्स हिंदी समाचार पत्र के प्रधान संपादक एम क्यू खान ने सहायक आयुक्त अजयकुमार यादव को पुष्प गुच्छ देकर उनका सत्कार किये। इस अवसर पर परिमंडल एक की मनपा उपायुक्त संगीता हंसनाले और ई वार्ड के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। संगीता हंसनाले के साथ साथ सभी अधिकारियों ने अजयकुमार यादव के कार्यों की काफी सराहना की।

# गरीबों विधवाओं की खिदमत करना अल्लाह की बताई राह पर चलना है: हाजी अनवार अहमद साहब

**जबलपुर।** हर साल की तरह इस साल भी रमजान उल मुबारक के मुबारक महीने पर अल खिदमत हुदा फाऊंडेशन मस्जिद खदीतुल कुबरा चार खंबा मोती नाला अशफाकउल्लाह खान वार्ड जबलपुर के द्वारा 26 मार्च 2024 को तोहफए रमजान किट का वितरण किया गया। हुदा फाउंडेशन के संचालक जनाब हाजी अनवार अहमद साहब ने बताया कि पैगंबरे हजरत मुहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने फरमाया कि विधवाओ और गरीबों के लिए भाग दौड़ करने वाला अल्लाह कि राह में भाग दौड़ करने वालों की तरह है बल्कि हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैह वसल्लम ने यह भी कहा कि वह रात को जाग कर इबादत करने वालों की तरह है जो कभी नहीं थकता और उस सख्स की तरह है जो हमेशा रोज से रहता




है (हदीस मुस्लिम) इस्लाम के इसी हुकूकुल इबाद (मानवाधिकार) पैगाम के मद्दे नजर हुदा फाउंडेशन के द्वारा लगातार कई सालों से गरीब लाचार मजबूर विकलांग लोगों की खिदमत की जा रही है। फ्री मेडिकल चेकअप कैंप, स्कूल के बच्चों की फीस की व्यवस्था करना, गरीब बीमार लोगों का इलाज करवाना और जो बेकसूर लोग जेल में बंद है उनके लिए वकील उपलब्ध करवाना और उन्हें जेल से छुड़वाना आदि व्यवस्था करना जनहित में निस्वार्थ भाव से यह सब काम किए जाते हैं इसी क्रम में इस साल भी रमजान किट का वितरण किया गया तकरीबन 57 गरीबों के घरों में राशन किट पहुंचाई गई। इस पूरे कार्यक्रम में संस्था के सदस्य शकील अहमद मोहम्मद साबिर सद्दाम रशीद तौफीक शफीक पप्पू भाई शाहिद भाई हाजी मंजूर साहब मोहम्मद मुस्तफा चाचा एवं संस्था के संचालक हाजी अनवर अहमद साहब उपस्थित रहे राशन की किट पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत दुआएं और मुबारकबाद दी और कहां की उनकी कोशिशें को अल्लाह कबूल फरमाए आमीन आमीन या रब्बुल आलमीन।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुख्तार अंसारी की मौत

खबर के मुताबिक, इससे पहले प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने इस बात की पुष्टि की थी कि अंसारी को तबीयत खराब होने के कारण दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन में कहा गया कि मुख्तार अंसारी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। रात करीब 8.25 बजे उन्हें बेहोशी की हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज लाया गया। मऊ से कई बार विधायक रह चुके अंसारी को कई मामलों में सजा हो चुकी है और वह बांदा जेल में बंद थे। इस बीच, पुलिस ने मऊ, गाजीपुर और बांदा में सुरक्षा कड़ी कर दी है और इन जिलों में उ१ढउ की धारा 144 लागू कर दी गई है। प्रशांत कुमार ने बताया कि बांदा, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी जिलों में पुलिस कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। अपने पूर्व विधायक के निधन पर समाजवादी पार्टी ने शोक व्यक्त जताया है। सपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी जी का इंतकाल, दुःखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहने का संबल प्राप्त हो। विनम्र श्रद्धांजलि!

### शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए गोविंदा

मिली जानकारी के मुताबिक, गोविंदा को मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से शिवसेना (एकनाथ शिंदे) टिकट दे सकती है। मुंबई उत्तर-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने अमोल कीर्तिकर को मैदान में उतारा है।लोकसभा चुनाव 2024 से पहले अभिनेता के शिंदे सेना में जाने की अटकले लगाई जा रही थी। आधिकारिक तौर पर शिवसेना में शामिल होने के बाद गोविंदा ने कहा, मैं भगवान के आशीर्वाद से शिवसेना में शामिल हो रहा हूं। मैंने सोचा था कि मैं दोबारा राजनीति में नहीं जाऊंगा। अभिनेता ने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में मुंबई शहर अब साफ और पहले से बेहतर दिखती है। मेरे माता-पिता का शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के साथ अच्छे संबंध थे। बता दें कि गोविंदा कांग्रेस के टिकट पर पहले भी सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 2004 लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने बीजेपी के वरिष्ठ नेता राम नाईक को हराया था। बाद में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और वर्षों तक राजनीति से पूरी तरह से दूर रहे। हाल ही में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने गोविंदा के चुनाव लड़वाने के संकेत दिए थे। मालूम हो कि महाराष्ट्र में महायुति में सत्तारूढ़ बीजेपी, सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) अजित पवार गुट शामिल हैं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को बड़ी राहत

सूत्रों ने बताया कि करीब सात साल तक मामले की जांच करने के बाद सीबीआई ने प्रफुल्ल पटेल और MoCA और एयर इंडिया के तत्कालीन अधिकारियों को क्लीन चिट देकर अपनी जांच बंद कर दी है। साथ ही इसी साल 19 मार्च को कोर्ट के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। 15 फरवरी को उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने पटेल को राज्यसभा चुनाव के लिए नामित किया था। इसलिए विपक्षी दल लोकसभा चुनाव से पहले इस मामले को राजनीतिक मुद्दा बना सकते हैं। तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल पर एयर इंडिया के लिए बड़ी संख्या में विमान लीज पर लेने के लिए एमओसीए, एयर इंडिया और निजी कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर कथित भ्रष्टाचार की साजिश रचने और अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। आरोप है कि एयर इंडिया के लिए विमान खरीद कार्यक्रम चल रहा था, फिर भी लीज पर विमान लिए गए। एयर इंडिया को 15 महंगे विमान लीज पर दिए गए थे, जिसके लिए पायलट तक उपलब्ध नहीं थे, जिससे कंपनी को भारी नुकसान हुआ। सीबीआई की एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया कि एयर इंडिया ने निजी लोगों के फायदे के लिए 2006 में पांच साल की अवधि के लिए चार बोइंग 777 विमान कम रकम पर लीज पर दिए थे, जबकि एयर इंडिया को जुलाई 2007 से अपने खुद के विमान की डिलीवरी होनी थी। परिणामस्वरूप, 2007-09 के दौरान 840 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ और पांच बोइंग 777 और पांच बोइंग 737 बेकार खड़े रहे।

### मलाड इलाके में लगी भीषण आग

जैसे ही स्थानीय लोगों ने दुकान से आग और धुआं निकलता देखा इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कम से कम 8 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। रिपोर्ट के मुताबिक, आठ मंजिला व्यावसायिक इमारत की पांचवीं मंजिल पर आग लगी और फैलती चली गई। फिलहाल आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है।

# भारी मशक्कत के बाद बिहार में सीट शेयरिंग का फार्मूला हुआ तय आज पटना में महागठबंधन की सीटों का दिग्गज नेता करेंगे ऐलान

## बिहार में महागठबंधन की सीटों को लेकर कांग्रेस और आरजेडी के बीच बनी सहमति

मुंबई हलचल / पटना

बिहार में महागठबंधन की सीटों को लेकर कांग्रेस और आरजेडी के बीच गुरुवार को दिल्ली में बैठक हुई। इस दौरान 9 सीटों पर बात बनने की संभावना जताई गई है। हालांकि अभी तक बिहार में महागठबंधन की ओर से सीट शेयरिंग और उम्मीदवार के नामों का ऐलान नहीं किया गया है। लेकिन आज शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे सीट बंटवारे का ऐलान होगा।

ये ऐलान प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) के कार्यालय से की जाएगी। इस दौरान तेजस्वी समेत गठबंधन के कई नेता मौजूद रहेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन पार्टियां किस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेगी, इसी का आधिकारिक ऐलान होना है। जानकारी के मुताबिक, माले को 4 सीट मिलने की संभावना हैं। इसमें आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ या महानंद सिंह और सीवान से अमरनाथ यादव को टिकट मिल सकता है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने सीट शेयरिंग से पहले ही 12 सीटों पर अपना सिंबल बांट दिया है। जानकारी के मुताबिक, आज की मीटिंग में राजद ने कांग्रेस को 9 सीट ऑफर की है। जिसका ऐलान आज हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, आरजेडी पूर्णिया की सीट कांग्रेस को देने के लिए नहीं तैयार हुई। यदि कांग्रेस से अनुमति मिली तो पप्पू यादव अब फ्रेंडली फाइट के तहत कांग्रेस के टिकट पर या फिर निर्दलीय पूर्णिया से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

- **दोपहर साढ़े 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में होगा ऐलान**

आरजेडी पूर्णिया की सीट कांग्रेस को देने के लिए तैयार नहीं हुई। यदि कांग्रेस से अनुमति मिली तो पप्पू यादव अब फ्रेंडली फाइट के तहत कांग्रेस के टिकट पर या फिर निर्दलीय पूर्णिया से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। हालांकि खबर यह भी है कि पप्पू यादव को मनाया जा रहा है।

### भाजपा विरोधी दल बिहार को लेकर बरत रहे हैं ज्यादा सतर्कता

**9** सीटों पर बात बनने की संभावना जताई

तेजस्वी समेत महागठबंधन के कई नेता रहेंगे मौजूद

लालू पहले ही 12 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुके



**इन सीटों पर बनी सहमति** भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बेतिया, सासाराम, किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, समस्तीपुर, नौवीं सीट मधेपुरा हो सकती है।

## चिराग को बड़ा झटका! दिग्गज नेता ने छोड़ा साथ



अरुण कुमार

चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने खुद को पार्टी से अलग कर लिया है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि जहानाबाद सीट (एलजेपीआर को) नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि जहानाबाद से चुनाव लड़ने का फैसला समर्थकों से बातचीत के बाद लेंगे। उन्होंने इशारों ही इशारों में ये भी कह दिया कि उनके साथ धोखा हुआ है। अरुण कुमार ने कहा कि पूरे बिहार की जनता देख-समझ रही है कि हमारे साथ क्या हुआ है।

अरुण कुमार ने कहा कि उनके (चिराग पासवान) कहने पर हमने अपनी पार्टी का विलय तक कर लिया। आखिर हम लोग माला जपने वाले हिमालय के साधु नहीं हैं। हम तो जन सुविधाओं के लिए और जनता को ताकत के लिए 40 वर्षों से राजनीति कर रहे हैं, इसलिए मैंने अपने आपको उनसे अलग कर लिया है।

## वोट डालने से इनकार कर सकता है मतदाता



चुनाव अधिकारी उन मतदाताओं पर मतदान करने के लिए दबाव नहीं डाल सकते जो मतदान केंद्रों पर वोट देने से इनकार करते हैं। ऐसे समय में जब चुनाव आयोग पात्र मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों तक लाने में कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा करता है, बहुत से मतदाताओं को मताधिकार से जुड़े नियमों के बारे में जानकारी नहीं है।

दरअसल, पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपनी पहचान दर्ज कराने के बाद भी मतदाता को वोट देने से इनकार करने का अधिकार है। वह अधिकार नोटा के तहत मतदान करने के प्रावधान से अलग है। इस अधिकार का प्रयोग 'चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49-ओ' के तहत किया जा सकता है।

## भाजपा में शामिल हुए सांसद भर्तृहरि और पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र



भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली कार्यालय में गुरुवार को ओडिशा के दो बड़े नेता एवं एक वरिष्ठ समाजसेविका भाजपा में शामिल हुए हैं। इसमें कटक लोकसभा सीट से छह बार के सांसद भर्तृहरि महताब, अभिनेता तथा बीजद से दो बार सांसद रहे पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र एवं बारीपदा की चर्चित चेहरा समाजसेविका पद्मश्री दमयंती मिश्रा भाजपा में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पंडा, राज्य भाजपा के अध्यक्ष मनमोहन सामल मौजूद रहे। पद्मश्री दमयंती मिश्रा ने कहा कि भाजपा में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को धन्यवाद देती हूं। मैं जनता के साथ तो पहले से ही थी, आज से सबका कल्याण कैसे होगा, सबका साथ सबका विकास के नारा जो भाजपा ने दिया है, उसमें मैं सहयोग करूंगी।

## आजम की वजह से कटा टिकट रुचि वीरा के लिए प्रचार नहीं करूंगा: हसन

मुरादाबाद लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर समाजवादी पार्टी को कुछ जगहों पर पार्टी नेताओं की तरफ से बगावत का सामना करना पड़ रहा है। मुरादाबाद से नामांकन दाखिल करने से नाराज सांसद एसटी हसन ने कहा है कि वह पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब पार्टी ने दूसरा उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है और पार्टी अध्यक्ष ने मुझे पत्र भी भेजा है तो यह स्पष्ट था कि मुझे सिंबल नहीं मिलेगा। मैं पार्टी के उम्मीदवार के लिए मुरादाबाद में प्रचार नहीं करूंगा। एसटी हसन ने कहा कि वह पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं।



अखिलेश यादव के कहने पर वो अपना नामांकन वापस लेंगे। लेकिन पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं करेंगे। अगर पार्टी मुरादाबाद के अलावा कहीं से प्रचार करने को कहेगी तो वहां जरुर जाउंगा लेकिन रुचि वीरा के लिए प्रचार नहीं करुंगा।

उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए बहुत निराशाजनक होगा जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे लिए प्रार्थना की। एसटी हसन ने कहा कि आजम खान की वजह से उनका टिकट कटा। रामपुर से आजम खान की बात नहीं मानी गई। आजम को मनाने के लिए मुरादाबाद से रुचि वीरा को उतारा गया। वहीं उत्तर प्रदेश की रामपुर और मुरादाबाद लोकसभा सीट को लेकर समाजवादी पार्टी में मचे घमासान के बीच आजम खान और अखिलेश यादव के बीच मैच टाई चल रहा है। जहां मुरादाबाद में आजम खान की वजह से एसटी हसन का टिकट कट वहीं, रामपुर में आजम के करीबी आसिम रजा का भी पर्चा निरस्त हो गया है। रामपुर सीट से अखिलेश यादव के द्वारा नामित मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ही प्रत्याशी हैं।

## पहले दिन गाजियाबाद में चार दावेदारों ने खरीदे नामांकन पत्र



मुंबई हलचल / गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। पहले दिन कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिला मुख्यालय में नामांकन के लिए आज कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। कलेक्ट्रेट में त्रिस्तरीय पुलिस बंदोबस्त किए गए थे और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा तथा जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह नजर बनाए हुए थे। आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जहां पर तमाम व्यवस्था की गई थी। कोई फालतू व्यक्ति अंदर न जाए इसके लिए ब बैरिकेडिंग की गई थी। शाम तक कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे । जिसमे नत्थू चौधरी, व अनिल कुमार ने निर्दलीय, मोनिका गौतम ने राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी तथा वीरेंद्र कुमार सिंह ने सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से नामांकन पत्र खरीदा। क्योंकि पहला दिन था इसलिए आज काम ही लोग नामांकन खरीदने आए 31 तारीख के बाद नामांकन की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

### आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर की जा रही चेकिंग

## गाजियाबाद पुलिस ने किए कार से ले जा रहे 13 लाख रु. बरामद



मुंबई हलचल / गाजियाबाद

आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर की जा रही चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने कार से तेरह लाख पैतालीस हजार तीन सौ रुपए कैश बरामद किया है।

डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान लाल कुआं ढलान पर एमजी हैक्टर इलेक्ट्रिक कार को रोककर तलाशी ली गई। कार से तेरह लाख पैंतालिस हजार तीन सौ रुपए कैश बरामद हुए।

### कंपनी कर्मियों के वेतन के लिए है रुपए

पूछताछ में सेकेंड ई ब्लॉक नेहरू नगर निवासी वाहन चालक ने बताया कि फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों को वेतन देने के लिए है यह रुपए। चालक संजय कुमार व कार में सवार संजय नगर निवासी तीरथ शर्मा से गाजियाबाद पुलिस ने जब इन रुपयों से संबंधित ब्यौरा मांगा गया तो दोनों व्यक्ति इन रुपयों से संबंधित कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। इससे पुलिस का शक और गहराया और पुलिस कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ी ।




### समर्थकों ने मिठाई बांटी

## भाजपा में शामिल हुईं नवनीत राणा

सांसद नवनीत राणा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। नवनीत महाराष्ट्र के अमरावती जिले से सांसद हैं। इस बीच अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में नवनीत राणा की नाम की घोषणा के साथ ही अमरावती में जश्न का माहौल शुरू हो गया। नवनीत राणा के भाजपा में शामिल होने के साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि नवनीत राणा की हिंदूवादी नेता और फायरब्रांड नेता के रूप में पहचान है।

## वरुण ने लिखी भावुक चिट्ठी बोले-पीलीभीत के लिए लड़ूंगा



भाजपा ने पिलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी के बजाए जितिन प्रसाद को टिकट दिया है। अब वरुण गांधी ने पीलीभीत की जनता के नाम एक भावुक संदेश लिखा है। उन्होंने कहा है कि आपका प्रतिनिधि होना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और मैंने हमेशा अपनी पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई है। वरुण गांधी ने पीलीभीत को लिखे गए पत्र में कहा है कि एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं, तो बेटे के तौर पर सही, मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूँ और मेरे दरवाजे आपके लिये हमेशा पहले जैसे ही खुले रहेंगे। वरुण ने कहा कि मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूँ कि सदैव यह कार्य करता रहूं, भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है।

# हर्षोल्लास के साथ मुंबई मनाया गया बिहार दिवस





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बिहार फाउंडेशन मुंबई जो कि बिहार सरकार की संस्था है, के द्वारा मुंबई के षणमुखानंद हॉल में बिहार स्थापना दिवस जिसे बिहार दिवस भी कहा जाता है, का कार्यक्रम तीन हजार से ज्यादा लोगो की उपस्थिति में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। बिहार सरकार द्वारा उन क्षेत्रों में जिसमे प्रवासी बिहारियों की बड़ी संख्या है अपनी ब्रांडिंग, बॉन्डिंग एवं बिजनस इन निति के तहद बिहार फाउंडेशन के विविध चैप्टर्स स्थापित किये गए हैं जिनका काम अप्रवासी बिहारियों और उस क्षेत्र के नागरिकों के साथ आपसी साझेदारी को बढाकर बिहार राज्य के बारे में अचूक जानकारी देना एवं बिहार की संस्कृति के बारे में लोगों के बिच सही समझ और बिहार से उस सम्बंधित राज्य के बीच वाणिज्यिक संबंधों को बढाकर आपसी फायदे और भाईचारे की भावना को बढ़ाना है। मुंबई स्थित बिहार फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से न केवल इस दिशा में कार्यरत है बल्कि इन प्रयासों के फलस्वरूप मुंबई के मस्जिद बन्दर के समीप बिहार भवन की स्थापना हेतु हल ही में १५५ करोड़ की कीमत पर भू खंड की प्राप्ति की गई है। इस पर बनाने वाला बिहार भवन न केवल बिहार और महाराष्ट्र की वाणिज्यिक संबंधों कोसुद्दढ और प्रगाढ़ करेगा बल्कि इसी जगह पर बिहार सरकार का निवश आयुक्त कार्यालय, पर्यटन कार्यालय और बिहार फाउंडेशन का कार्यालय भी होगा। इसी भवन में स्वास्थ्य सेवाओं को आने वाले लोगों के रहने की भी व्यवस्था की जाएगी। बिहार फाउंडेशन मुंबई के अध्यक्ष श्री कैसर खालिद ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बिहार भवन मुंबई के निर्माण के लिए कंसलटेंट की नियुक्ति हो चुकी है और जल्द ही पूरा नक्शा तैयार कर लिया जायेगा और भवन निर्माण कार्य भी जल्द शुरू कर लिया जायेगा। बिहार के माननीय मुख्यमंत्री बिहार फाउंडेशन के पदसिद्ध अध्यक्ष होने के कारण इस कार्य के जल्द पूर्ण होने की संभावना है। हाल ही में बिहार विधान परिषद के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर ने बिहार भवन प्लाट का दौरा करके स्थिति की जानकारी ली है। बिहार दिवस उत्सव २०२४ के मुख्य अतिथि के रूप में अल्केम लेबोरेटरीज के चेयरमैन श्री बी एन सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बिहार और बिहारियों में टैलेंट की कोई कमी नहीं है, अगर उन्हें सही प्रोत्साहन दिया जाए तो वे देश दुनिया में बिहार का नाम रौशन कर सकते हैं। अल्केम लेबोरेटरीज के संस्थापक बी एन सिंह और उनके बड़े भाई सम्प्रदा सिंह बिहार से हैं और यह एक बड़ी दवा कंपनी है। बिहार से ही सम्बन्ध रखनेवाले पोटरी कलाकार पद्मश्री ब्राह्मदेव पंडित जो इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे, अपनी जीवन यात्रा के कुछ पहलु का जिक्र करते हुए बताया की आदमी के अंदर प्रतिभा हो और प्रयत्न करता रहे तो सफलता जरूर मिलती है। विशेष अतिथि के रूप आए भोजपुरी फिल्मों के निर्माता अभय सिन्हा इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने वाले पहले बिहारी हैं। प्रधान आयकर आयुक्त और बिहार फाउंडेशन के पूर्व सी ई ओ श्री रविशंकर श्रीवास्तव ने भी बिहार फाउंडेशन मुंबई द्वारा किये जाने वाले कार्यों की सराहना कार्टर हुए कहा कि बिहार फाउंडेशन मुंबई को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के उत्तरार्ध में बिहार और महाराष्ट्र की सांस्कृतिक झलक दिखी। इस अवसर पर गायिका देवी और प्रिया मल्लिक ने लोगों का दिल जीत लिया। साथ में कत्थक नृत्य। लावणी, गोंधळल तथा कोली नृत्य ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष केपीएन केसरी ने बताया कि मुंबई में रहने वाले प्रवासी बिहारियों को बिहार में निवेश करना चाहिए। कार्यक्रम का सञ्चालन हिंदी की मशहूर कवयित्री और लेखिका ज्योति त्रिपाठी ने किया। अवसर पर भोजपुरी अभिनेता चिंटू पांडेय, अनारा गुप्ता, संगीत निर्देशक सरोज सुमन. निदेशक राजकुमार पांडेय, निर्माता निशांत उज्जल का सम्मान हुआ। वही बिहार फाउंडेशन सम्मान से आईआईटी प्रोफेसर रवि सिन्हा तथा बिहार मित्र अवार्ड से सोनू सूद और मधुकांत पथरिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजन और संचालन में आयुक्त निर्यात एवं बिहार फाउंडेशन मुंबई के उपाध्यक्ष असलम हसन, आयकर आयुक्त सुमन कुमार बिहार फाउंडेशन के उपाध्यक्ष, सचिव सुखदेव शर्मा, संयोजक रणवीर, प्रवक्ता मनोज सिंह राजपूत का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर संजय सरन,के के मिश्रा, पूर्व सचिव हुसैन, शुभ चंद मिश्रा, रवीन्द्र झां, रंजीत यादव, नरेंद्र सिंह कैप्टन एन बी पांडेय, अनूप कुमार पांडेय,सुमन कुमार,जया किशोर भारती, संजीव दूबे विनोद गुप्ता, संतोष कुमार, शीला चंद झा, बीके सिंह अहसन हुसैन, निरंजन कुमार, यासीन अंसारी,अबरार शेख, मुश्ताक भाई अंसारी, राजकुमार ,सोनू शाह, मनोज सिंह आदि सम्मानित अतिथि उपस्थित थे।


# कला का सर्वोत्तम अनुभव करने के लिए एक सौंदर्यात्मक स्थान ‘वर्ल्ड आर्ट कॉन्क्लेव आर्ट एक्सपो 2024’

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** वर्ल्ड आर्ट कॉन्क्लेव आर्ट एक्सपो 2024, भारत का पहला आर्टिस्ट सेंट्रिक आर्ट एक्सपो का उद्घाटन 27 मार्च 2024 को हुआ। यह कला एक्सपो सभी कलाप्रेमियों के लिए 27 से 30 मार्च 2024 तक नेहरू सेंटर, वर्ली, मुंबई मे खुला है। डब्ल्यूएसी आर्ट एक्सपो 2024 का उद्घाटन आयोजकों राजन जाधव और प्रवीण गांगुर्डे कोर टीम के सदस्यों संजीव सोनपिंपरे और भारती यादव के सहित पॅट्रन्स के सम्मानित पैनल में मौजूद पद्मश्री सुधारक ओलवे, दिलीप रानडे और प्रो. मोग्गलान श्रावस्तीने किया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित प्रतिभागी कलाकार एवं अन्य आगंतुक भव्य उद्घाटन समारोह के साक्षी बने। डब्ल्यूएसी आर्ट एक्सपो 2024 एक आर्टिस्ट सेंट्रिक आर्ट एक्सपो है जो आपको सर्वश्रेष्ठ कला देखने का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो प्रसिद्ध, पेशेवर, प्रतिभाशाली उभरते कलाकारों और दीर्घाओं की रचनात्मकता और




जुनून को प्रदर्शित करता है। यह आर्ट एक्सपो पेंटिंग, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, मिश्रित मीडिया और कई अन्य कला शैलियों और रूपों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहा है। डब्ल्यूएसी आर्ट एक्सपो 2024 कला के अविश्वसनीय कार्यों को देखने का एक अनुभव है जो पूरे भारत के कलाकारोंकी विविधता और रचनात्मकता को प्रदर्शित करता है। साथ ही, आपको कलावार्ता, कार्यशालाओं, सेमिनारों, लाइव कलाप्रदर्शनों और मनोरंजन में शामिल होने का मौका मिलेगा। डब्ल्यूएसी आर्ट एक्सपो 2024 में प्रतिभाशाली कलात्मक दिग्गज अपनी कलात्मक उत्कृष्ट कृतिका प्रदर्शन कर रहे है, जैसे प्रमोद बाबू रामटेके, रतन साहा, भगवान



रामपुरे, रमानी नारायण (जर्मनी), फिओन विल्सन (लंदन, यूके), जूडिथ कार्लिन (मियामी, फ्लोरिडा), पेट्रीसिया टर्नर (फ्लोरिडा, यूएस), सुधारक ओलवे, दिलीप रानडे, प्रो. मोग्गलान श्रावस्ती, विनोद शर्मा, दिनकर जाधव, अजय मेश्राम, पी.जे. स्टालिन, पी. ज्ञाना, पूर्णिमा दाभोलकर, राजेंद्र कापसे, सरबिता दास, श्रीरंग बडवे, श्रुति गोयनका, सिद्धि पिरियानु, सुधीर गांगले, सुलोचना गावड़े, उमाकांत कनाडे, विठ्ठल मप्पीडी, अमी पटेल, आनंद पांचाल, अर्चना सोंटी, डगलस जॉन, डॉ. कलाश्री बर्वे, जी.वाई. गिरी, जगन्नाथ पॉल, जया दरौंदे अवतारे, कस्तूरी बोरकोटोकी, लक्ष्मण अहिरे, एम. नारायण, नीला द्रिपॉल, नीलेश वेदे, ओम स्वामी, और कई अन्य प्रसिद्ध कलाकार शामिल है। डब्ल्यूएसी हर किसी के लिए कला के प्रति जुनून रखनेवाले कलाकारों से मिलने और बातचीत करने का एक अनुभव है। यदि आप कला उत्साही, संग्रहकर्ता, खरीदार, क्यूरेटर, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, सेलिब्रिटी, कॉर्पोरेट पेशेवर या उद्यमी हैं, और यदि आपकी रचनात्मकता और नवीनता पर गहरी नजर है, तो डब्ल्यूएसी आर्ट एक्सपो 2024 आपके लिए उचित स्थान है। यहां, आप विविध प्रकार के कलारूपों और शैलियों से प्रसिद्ध और पेशेवर कलाकारों की मूल कलाकृतियाँ खरीद सकतेहैं। इस अनूठे अवसर को न चूकें, सर्वोत्तम कला का अनुभव और खरीदने के लिए वर्ल्ड आर्ट कॉन्क्लेव आर्ट एक्सपो 2024 में आयें।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# इस्लामिया जामे मस्जिद भौआड़ा में आज
# तरावीह में क्या पढ़ा, पारा नंबर सत्रह





**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** जो लोग जुल्म में बहुत आगे निकल जाते हैं, वे किसी नसीहत से असर नहीं लेते। वे इससे भी नहीं डरते कि हिसाब की घड़ी करीब आ चुकी है। वे पिछली कौमों के इबरतनाक इतिहास से भी सबक नहीं लेते। यह भी नहीं सोचते कि इतनी बड़ी कायनात इसलिए नहीं बनाई गई है कि यहाँ सदा जुल्म की चक्की चलती रहे । जितनी जल्द हो सके बातिल की सफ (पंक्ति) से निकल कर हक की सफ (पंक्ति) में आ जाओ। बातिल पर तो हक की ऐसी जर्ब (चोट) लगेगी कि वह चकनाचूर हो जाएगा और उसका नामोनिशान मिट जाएगा। बातिल परस्तों को अपने करतूतों का अंजाम जरूर भुगतना होगा ।

फरिश्तों की बंदगी का हाल देखो, वे न तकब्बुर (घमंड) करते हैं, न अल्लाह की इबादत से सरताबी करते हैं, न इबादत से थकते हैं। रात-दिन उसकी तसबीह (महिमागान) करते हैं और दम नहीं लेते। अल्लाह के सामने बढ़-बढ़ कर बोलते नहीं बस उसके हुक़्म पर अमल करते हैं। वे किसी की सिफारिश नहीं करते, बस उसी के हक में दुआ करते हैं जो अल्लाह का फरमाँबरदार होता है। वे खुद हर वक़्त अल्लाह के खौफ से डरते रहते हैं। याद रखो हर जानदार को मौत का मजा चखना है। यहाँ जिसके जैसे भी हालात हैं, अच्छे हों या बुरे, सबकी आजमाईश हो रही है, सबको अल्लाह की तरफ पलट कर जाना है। हालात से ज्यादा अंजाम की फि क्र करो। इब्राहीम और इब्राहीम की नेक औलाद रहती दुनिया तक के लिए नमूना हैं। नेकी के पैकर, लोगों के इमाम, अल्लाह के हुक़्मों की तरफ बुलाने वाले, नेक कामों के शैदाई, नमाज और जकात के पाबंद, अल्लाह के इबादत गुजार। उनके रास्ते पर चलो, अल्लाह अपनी रहमत के साए में जगह देगा। दाऊद और सुलैमान की ज़िंदगी शुक्रगुजारी का बेहतरीन नमूना है। अल्लाह ने बेशुमार और जबरदस्त कि स्म की नेमतें दीं, कायनात की बड़ी-बड़ी ताकतों को उनके कब्जे में दे दिया। तारीफ की बात यह है कि नेमतों ने उनकी शुक्रगुजारी में इजाफा किया। लोग तो थोड़ी सी खुशहाली पाकर अल्लाह को भूल जाते हैं। अय्यूब से बंदगी का सबक सीखो। बहुत तकलीफ में रहे मगर सिर्फ.अल्लाह के होकर रहे और उसकी रहमत से उम्मीद लगाए रहे। इसमाईल, इदरीस और जुलकिफ़्ल से सब्र व इस्तेकामत सीखो। उन सबने नेकी का रास्ता इख़्तियार किया और अल्लाह की रहमत में दाखिला पाया। यूनुस को एहसास हुआ कि उनसे गलती हो गई, तो उन्होंने मछली के पेट के अंदर से अल्लाह को पुकारा और सच्चे दिल से अल्लाह की तरफ पलट आए। अल्लाह ने उनकी दुआ सुन ली और उन्हें निजात दी। जो दुनिया और आखिरत की तकलीफों से निजात पाना चाहता हो, वह सच्चे दिल से अपने गुनाहों की माफी मांगे और अल्लाह का मोमिन बंदा बन जाए जकरिया की दुआ और अल्लाह की शाने कुबूलियत पर गौर करो। हकीकत यह है कि जो लोग नेकी के कामों में पेश-पेश रहते हैं, अल्लाह को उम्मीद और खौफ के साथ पुकारते हैं और उनके दिल अल्लाह के आगे झुके रहते हैं, अल्लाह उनकी दुआ इस तरह कुबूल करता है कि वह सोच भी नहीं सकते थे नबियों को अपना रहनुमा (पथप्रदर्शक) बनाओ, अल्लाह को अपना रब मानो और बस उसी की बंदगी करो, दीन को टुकड़े टुकड़े मत करो और आखिरत से डरो, अपने ईमान की हिफाजत करो और नेकियों का एहतिमाम करो, इतमिनान रखो तुम्हारा कोई काम बर्बाद नहीं होगा और किसी अच्छे काम की नाकदरी नहीं होगी नेकोकार और इबादतगुजार बनोअल्लाह का फैसला है कि जमीन के वारिस अल्लाह के नेक बंदे ही होंगे। रसूल की कद्र करो, अल्लाह ने रसूल को इंसानों के लिए रहमत बनाकर भेजा है, तुम भी इंसानों के लिए रहमत बन जाओ ।

### 22. सूरह अल-हज


अल्लाह की नाराजगी से बचो। कुछ लोग गर्दन टेढ़ी करके अल्लाह के बारे में बहस करते हैं। उनके पास इल्म होता है न हिदायत और न रौशन किताब, वे अल्लाह के रास्ते से भटकाना चाहते हैं। कुछ दूसरे लोग हैं जो किनारे पर रह कर अल्लाह की बंदगी करते हैं, अगर फायदा हुआ तो बंदगी पर कायम रहते हैं और कोई आजमाईश आई तो उल्टे पाँव पलट जाते हैं। तुम्हारे पास इल्म भी है, हिदायत भी है और रौशन किताब भी है, सच्चे दिल से ईमान लाओ और अल्लाह को खुश करने वाले काम करो खाना काबा की तामीर (निर्माण) का बुलंद मकसद और उसका शिर्क से पाक इतिहास हमेशा सामने रखो। अल्लाह ने जिन चीजो की हुरमत से आगाह कर दिया है, उनकी हुरमत का एहतिराम (सम्मान) करो। बुतों की गंदगी से दूर रहो, झूठी बातों से परहेज करो, यकसू (एकाग्रचित्त) होकर अल्लाह की बंदगी करो। शिर्क से दूर रहो, अल्लाह के बताए हुए इबादत के तरीकों का एहतिराम करो, अल्लाह की नाराजगी से बचने की फिक्र करो। अल्लाह ने जो चैपाए तुम्हें इज्जत हैं उन्हें ज़िबह करते वक़्त अल्लाह का नाम लो तुम्हारा माबूद (उपास्य) एक अल्लाह है। तुम उसके फरमाँबरदार बनो, उसके सामने आजिजी (विनम्रता) से रहो। कभी तुम से नाफरमानी हो और तुम्हें अल्लाह की याद दिलाई जाए तो तुम्हारे दिल काँप उठें। मुसीबत आए तो सब्र का पहाड़ बन जाओ, नमाज कायम करो और अल्लाह की दी हुई रोजी में से उसके रास्ते में खर्च करो। कुरबानी के ऊँटों को अल्लाह ने अपने शआइर (प्रतीकों) में करार दिया है। इन ऊँटों में तुम्हारे लिए बड़े फायदे हैं। अल्लाह का नाम लेकर उन्हें कुरबान करो। खुद भी खाओ और गरीबों को भी खिलाओ और अल्लाह का  शुक्र अदा करो। कुरबानी का गोश्त और खून अल्लाह के यहाँ नहीं पहुंचता, उसके यहाँ तो तुम्हारे दिल का तकवा (परहेजगारी) पहुँचता है, लिहाजा तकवा से अपनी जिंदगियों को सजाओ। अल्लाह ने ये जानवर तुम्हारे लिए पैदा किए हैं, उसने तुम को हिदायत की नेमत भी अता की है, तुम ज्यादा से ज्यादा उसकी बड़ाई बयान करो। ज़िन्दगी को अच्छे से अच्छे कामों से सजाओ। जिन लोगों पर जुल्म किया गया और उन्हें नाहक घरों से निकाल दिया गया, सिर्फ.इस जुर्म में कि वे कहते हैं हमारा रब अल्लाह है, उन लोगों पर से अब जंग न करने की पाबंदी उठा ली गई। अब वे जालिमों से जंग कर सकते हैं। वे जालिमों से जंग करेंगे तो अल्लाह की मदद उनके साथ होगी।

अल्लाह जमीन में इक़्तेदार (हुकूमत) अता करे तो नमाज कायम करो, जकात अदा करो, अच्छाई का हुक़्म दो और बुराई से रोको और अपने अंजाम को बेहतर बनाने की फि क्र करो जमीन में चल-फिर कर पिछली कौमों का अंजाम देखो, इससे तुम्हारे दिलों को रौशनी मिलेगी और तुम्हारे कानों को समाअत (सुनने की ताकत) हासिल होगी। कितनी बदनसीबी की बात है कि आँखें तो देखती हों और दिल नाबीना (अंधा) हो तुम बेलाग तरीके से खबरदार करते रहो। उन्हें बताओ कि जो लोग ईमान पर कायम रहेंगे और नेकी के काम करेंगे उनके लिए बेहतरीन अंजाम है। और जो अल्लाह की आयतों को नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे उनके लिए जहन्नम का अजाब है अपने रब की तरफ बुलाते रहो और यक ीन रखो कि तुम सीधे रास्ते पर हो। लोग तुम से बहस करें तो कह दो कि हक बात से मुँह न फेरो, तुम जो कुछ कर रहे हो अल्लाह उससे वाकि फ है और वह कयामत के दिन फैसला करेगा। उस दिन के फैसले से डरो ऐ लोगो! जो ईमान लाए हो, रुकू करो, सज्दे करो और अपने रब की बंदगी करो। अच्छाइयों के आदी बनो और अल्लाह की राह में इस तरह जिद्दोजुहद करो जिस तरह उसकी राह में जिद्दोजुहद करनी चाहिए। उसने तुम्हें इस अजीम काम (महान कार्य) के लिए चुन लिया है। उसने दीन में तुम पर कोई तंगी नहीं रखी है। अपने बाप इब्राहीम के रास्ते पर रहो, उन्होंने तुम्हारा नाम मुस्लिम (फरमाँबरदार) रखा था। और कुरआन में भी तुम्हारा यही नाम रखा गया है, इस नाम का हक अदा करो। रसूल तुम पर गवाह है तुम लोगों पर हक के गवाह बन जाओ। नमाज कायम करो, जकात दो और अल्लाह का दामन मजबूती से थामे रहो। वही तुम्हारा सरपरस्त है। वह कितना अच्छा सरपरस्त और कितना अच्छा मददगार है।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सारा के हाथ लगा एक और बड़ा प्रोजेक्ट



**सारा अली खान** सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है जो उनसे जुड़ी हर अपडेट को जानने के लिए बेकरार रहती है। इसी बीच सारा अली खान के फैंस के लिए बड़ी गुड न्यूज सामने आई है। खबर हैं कि 'गैसलाइट' की रिलीज से पहले ही सारा अली खान के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल के डायरेक्टर शरण शर्मा की अगली फिल्म के लिए सारा अली खान को साइन कर लिया गया है। गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल में सारा की खास दोस्त और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर लीड रोल में नजर आई थीं। इस फिल्म ने जाह्नवी के एक्टिंग करियर को नई उड़ान दी थी। जाह्नवी के अलावा फिल्म में पंकज त्रिपाठी और अंगद बेदी अहम रोल में थे। दरअसल, शरण शर्मा की इस अपकमिंग फिल्म की स्क्रिप्ट को काफी अलग और हटकर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, फिल्म के डायरेक्टर शरण का कहना है कि उनकी नई फिल्म की कहानी थोड़ी यूनिक है जिसके लिए उन्हें लगता है कि सारा अली खान परफेक्ट रहेंगी। हालांकि अभी तक सारा को कास्ट करने को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। मगर कहा जा रहा है कि मूवी से जुड़ी कुछ फॉर्मेलिटीज को पूरा करने के बाद जल्द ही फिल्म को फ्लोर पर उतारा जाएगा। फिल्म का टाइटल क्या रखा जाएगा। इसे लेकर भी कोई खबर सामने नहीं आई है। सारा अली खान की फिल्म गैसलाइट की बात करें तो ये एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित कहानी है जिसमें एक्ट्रेस अपाहिज लड़की का रोल अदा कर रही हैं।



# कार्तिक बनेंगे दूल्हा

कार्तिक आर्यन के फैंस के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है जिसे खुद एक्टर ने अपने चाहने वालों के साथ शेयर किया है। इस खबर को सुनकर एक्टर की फीमेल फैंस का दिल जरूर टूटने वाला है लेकिन कुछ फैंस की खुशी का ठिकाना भी नहीं रहने वाला है। आइए जानते हैं कि कार्तिक आर्यन ने आखिर क्या ऐलान किया है। दरअसल, फ्रेडी एक्टर ने जी सिने अवॉर्ड फंक्शन के दौरान अपने फैंस के लिए अपनी शादी से जुड़ी न्यूज शेयर की है। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्तिक जी सिने अवॉर्ड के मंच पर ढोल नगाड़ों के साथ एंट्री करते हैं। इसके बाद वो कहते हैं, हंसते-हंसते, सबको नमस्ते। आप सब सोच रहे होंगे मैं यहां बैंड बाजा लेकर क्यों आया हूं। अब देखिए ना बॉलीवुड में एक बाद एक सबके बैंड बज रहे हैं, सारे घोड़ी चढ़ रहे हैं, सबके विकेट गिर रहे हैं। लेकिन एक विकेट अब तक नहीं गिरा। फिर वो आगे कहते हैं कि ऐलिजिबल सिंगल क्लब में आखिर रह कौन गया। मैं, लेकिन अब मौसम बदल रहा है ये सख्त लौंडा भी पिघल रहा है। मैंने भी सोचा शादी का लड्डू खाकर देख ही लेता लूं। प्यार का पंचनामा तो कर लिया, अब शादी का पंचनामा भी कर लेता हूं। इसलिए सबके सामने इस मंच को साक्षी मानकर आज मैं अपने सारे फैंस और इंडस्ट्री को ये न्यूज देना चाहता हूं कि मैं शादी करने जा रहा हूं।





# मलाइका ने किया खुलासा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। मलाइका अरोड़ा ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने अपने वेडिंग प्लांस पर चुप्पी तोड़ते हुए अर्जुन संग अपनी लाइफ के आगे के प्लांस के बारे में भी बात की। जब से मलाइका और अर्जुन ने अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल किया है, तब से अक्सर ही दोनों से उनकी शादी को लेकर सवाल पूछा जाता है। मलाइका अरोड़ा ने एक बार फिर अर्जुन संग अपनी शादी के सवाल पर रिएक्ट किया। इस दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें शादी की कोई जल्दी नहीं है। फिलहाल वो और अर्जुन अपना प्री हनीमून फेज एन्जॉय कर रहे हैं। मलाइका और अर्जुन अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आते हैं। ऐसे में दोनों के फैंस उन्हें जल्द से जल्द शादी के बंधन में बंधते देखना चाहते हैं। मगर लगता है कपल शादी को लेकर अलग ही राय रखता है। मीडिया इंटरव्यू के दौरान जब मलाइका से उनसे उनकी शादी को लेकर सवाल पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा, क्यों हर किसी की हर बात शादी पर आकर ही टिक जाती है। शादी एक ऐसी चीज है जो दो लोगों के बीच डिस्कस होती है। अगर हमारा मन होगा तो हम जरूर शादी करने की सोचेंगे लेकिन फिलहाल कोई प्लांस नहीं है।